Title: Need to sanction special package for the benefit of fishermen of Kosi in Saharsa Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : सभापति जी, कोसी प्रमंडल (सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा) की लगभग बीस लाख एकड़ भूमि पानी से वर्ष भर डूबा रहने के कारण प्रत्येक वर्ष लगभग चालीस लाख क्विंटल अनाज का उत्पादन नहीं हो पा रहा है।

इस संदर्भ में मैंने भारत सरकार से इस प्रभावित क्षेत्र को विशेष पैकेज देकर मछली, मखाना उत्पादन योग्य बनाने की मांग भी की है।

बिहार में सबसे अधिक मछली आन्ध्र प्रदेश से आती है। यदि मछली पालन योजना को प्रोत्साहन मिलेगा तो पूरे बिहार के साथ-साथ बंगलादेश, तिब्बत, चीन एवं नेपाल में यहां से मछली निर्यात किया जा सकता है।

मखाना से करोड़ों रुपये की आय कनाडा से हो रही है। यदि मछली और मखाना पर सही कार्य-योजना तैयार होगी तो करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा से कोसी क्षेत्र धन-धान्य हो जायेगा।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मछली तथा मखाना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार को विशेष पैकेज दिया जाये।